<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–25.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- एनडीए, लोकसभा अध्यक्ष के नाम की आज करेगा घोषणा, लोकसभा के सदस्य आज भी लेंगे शपथ।
- राज्यभर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर आज से शुरू होगा सर्वे, 25 जुलाई को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का होगा प्रकाशन।
- राजधानी रांची में अगले दो से तीन दिनों में पहुंचेगा मानसून। मौसम विभाग ने जताई कोल्हान और संथाल में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना।
- टी20 क्रिकेट विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम, 24 रन से जीता मैच।

***************

एनडीए लोकसभा अध्यक्ष पद के नाम की आज घोषणा करेगा। आज ही उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वहीं कल से शुरू हुआ सदस्यों का शपथ ग्रहण आज भी जारी रहेगा। बता दें कि कल से शुरू हुए 18वीं लोकसभा की पहली कार्रवाही के दौरान केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन नियुक्त किया गया। वे श्री पीयूष गोयल का स्थान लेंगे जो अब महाराष्ट्र की उत्तर मुम्बई सीट से लोकसभा सांसद चुने गये हैं।

***************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कल स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अध्ययन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 15 अगस्त तक इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार पदों पर नियुक्ति तथा स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों की बहाली 5 सितम्बर तक करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमारी सरकार राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कुछ स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षकों की कमी की वजह से पठन–पाठन में बाधा नही पहुंचे यह हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है।

***************

नीट यूजी पर्चा लीक मामले में हजारीबाग के आरोपियों के कमरे से मिले नीट के जले हुए पेपर का मिलान एनटीए से मिले मूल पेपर से हो गया है। दोनों प्रश्नपत्रों के 74 सवाल मैच हुए हैं। बता दें कि जला हुआ पेपर बिहार पुलिस ने एक दिन पहले शिक्षा मंत्रालय को सौंपा था। इधर सीबीआई ने खुलासा किया है कि कल नीट पर्चा लीक और गड़बड़ी के पांच नये केस मिले हैं। इनमें गुजरात, बिहार के एक–एक और राजस्थान के तीन मामले हैं

***************

राज्य में आज से मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही है। इसके तहत बीएलओ घर–घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगी साथ ही उच्च अधिकारियों द्वारा भी इसका भौतिक सत्यापन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 जुलाई तक चलोग।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कताया कि 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा जिसके बाद नौ अगस्त तक मतदाता इसमें सुधार के लिए दावा और आपत्ति समर्पित कर सकेंगे। 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

***************

संताल परगना के पुलिस महानिरीक्षक के पद पर योगदान देने के बाद कल आईजी क्रांति कुमार गड़िदेशी ने कहा कि संताल परगना में मादक पदार्थो के खिलाफ पुलिस खास मुहिम चलाएगी। आईजी क्रांति कुमार ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में है। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर नकेल कसने के लिए बेहतर पुलिसिंग पर जोर दिया जाएगा।

***************

केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही लखपति दीदी योजना ने महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

राजधानी रांची में अगले दो से तीन दिनों में मानसून पहुंचेगा। मौसम विभाग ने कोल्हान और संथाल में तेज हवा के साथ बारिष की संभावना जताई है। मौसम केंद्र के अनुसार 26 जून को राज्य में कहीं–कहीं तेज हवाओं के साथ वज्रपात हो सकता है. गरज के साथ बारिश भी होने की संभावना है. इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है.
मौसम केंद्र के मुताबिक, कल संताल परगना के देवघर, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के अलावा धनबाद एवं गिरिडीह जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है. इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां एवं सिमडेगा जिले में भी कुछ जगहों पर भारी वर्षा होने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है.

***************

गोड्डा सदर अस्पताल में मरीज से पैसा मांगने के आरोप पर जांच शुरू हो गई है। गोड्डा सिविल सर्जन डॉ अनंत कुमार झा ने कहा कि दो चिकित्सा कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। गोड्डा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक से इस मामले में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

***************

देवघर जसीडीह सेकेंड एंट्री के लिए राज्य सरकार को भूमि का प्रति एकड़ दर 57 करोड़ रुपये रेलवे देगी। रेल मंत्रालय ने जसीडीह वर्ल्ड क्लास स्टेशन के साथ–साथ जसीडीह सेकेंड एंट्री के लिए भी राशि देने का निर्णय लिया है।

हमारे संवाददाता ने बताया कि दोनों प्रोजेक्ट का काम अब एक साथ होगा। भारत सरकार ने पांच वर्ष पहले जसीडीह के संथाली गांव की तरफ दूसरे आवागमन सहित यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 70 करोड़ रुपये मुहैया कराया था।

***************

संक्षिप्त खबरें–

- लोहरदगा समाहरणालय के पास कल हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई. दोनों मृतक बीएस कॉलेज के छात्र हैं और दोनों ने इंटर की परीक्षा दी थी।
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्या आशा लकड़ा ने कल देवघर में अनुसूचित जातियों के लिए केंद्र और राज्य सरकार की चल रही योजनाओं की योजना वार समीक्षा की। उन्होंने अनुसूचित जाति के लोगो को मिल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली।
- रामगढ़ में कल नारकोटिक्स साइकोट्रॉपिक औषधि और मादक पदार्थ के सेवन के विरुद्ध हुआ जागरूकता रैली का आयोजन किया।जागरूकता रैली गांधी मेमोरियल प्लस टू स्कूल रामगढ़ से प्रारंभ होते हुए शहर के बीचों बीच सुभाष चौक में जाकर समाप्त हुई।

***************

अमेरिका के सेंट लुसिया में खेले गये मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा भारतीय टीम टी20 विश्वकप 2024 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। सुपर–8 के अपने आखिरी मुकाबले में भारत ने आस्ट्रेलिया को 24 रनों से हराया। रोहित शर्मा को शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 27 जून को सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला इंग्लैंड से होगा।

***************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की ओर से सहायक आचार्यों की नियुक्ति को लेकर दिए गए निर्देश की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर और हिन्दुस्तान ने सहायक आचार्यों की नियुक्ति पांच सितंबर तक करने के मुख्यमंत्री के निर्देश को अपनी सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण और राष्ट्रीय नवीन मेल की सुर्खी है – वन पट्टा के हजारों आवेदन, रद्द होने का जवाब देना होगा उपायुक्तों को।

दैनिक भास्कर और रांची एक्सप्रेस ने नीट पर्चा लीक से संबंधित खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने कल से शुरू हुए लोकसभा की कार्यवाही को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**************